Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of AIIMS in Tripura.

कुमारी प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की दृष्टि अपने राज्य की तरफ दिलाना चाहती हूँ। मेरे राज्य में एक ही बड़ा रेफरल अस्पताल है। अभी जो कोरोना चल रहा है, इसके संदर्भ में और पहले से भी त्रिपुरा में एक एम्स जैसा अस्पताल बनाने की हम लोगों की माँग रही है। मेरी कांस्टीट्यूएंसी में एक ही अस्पताल टीएमसी है, जो गवर्नमेंट अंडरटेकिंग है। उसमें पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर है और उसके पास जमीन भी है।

मैं आपके माध्यम से त्रिपुरा की ओर से हेल्थ मंत्रालय को रिक्वेस्ट करती हूँ कि वह वहाँ पर एम्स जैसा एक अस्पताल स्थापित करे। हम लोगों ने जो माँगा था, मोदी जी ने पिछले 6 सालों में हमें उससे ज्यादा दिया है। हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि हमें राजधानी मिलेगी। उन्होंने अभी पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश की तरफ से हम लोगों को, नॉर्थ ईस्ट को वॉटरवेज का रूट भी खोलकर दिया है। रेलवेज का रूट बांग्लादेश के अंदर से हुआ है और रोड कंस्ट्रक्शन भी बांग्लादेश के अंदर हो रहा है। हमने जो माँगा है, उससे ज्यादा पिछले 6 सालों में मोदी जी ने हमें दिया है।

सर, मैं आपके माध्यम से सरकार की दृष्टि हेल्थ सेक्टर की ओर ले जाना चाहती हूं कि हम लोगों को एम्स जैसा हॉस्पिटल मिले। टी.एम.सी. हॉस्पिटल का अधिग्रहण करके इसे किया जाए। इसके लिए पूरी जमीन भी है और इंफ्रास्ट्रक्चर भी बहुत है, इसलिए उसे केन्द्र सरकार अधिग्रहण करे और हमें तथा नॉर्थ-ईस्ट को एक और एम्स हॉस्पिटल दे।